हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 30 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 20 .0 डिग्री से.

10 नवरात्र की छठ पर कात्यायनी देवी के दर्शन को उमड़े भक्त



10 नरवाना में रामलीला मंचन में भरत मिलाप का दृश्य देख..



खबर संक्षेप

पिंडारा लाइन के निकट अज्ञात का शव बरामद

जींद। रेलवे पुलिस ने पिंडारा रेलवे स्टेशन की तरफ जाने लाइन के निकट अज्ञात युवक को शव बरामद किया है। युवक रात को किया रेलगाड़ी की चपेट में आया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। रेलवे पुलिस के अनुसार मृतक लगभग 25 साल है। उसने काले रंग की टी शर्ट, नीचे हल्की नीली जींस की पेंट पहनी हुई है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी पहचान सभव हो सके।

उपभोक्ता के खाते से ₹1.02 लाख गायब

जींद। उपभोक्ता के खाते से एक लाख दो हजार रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव हथो निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पीएनबी तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। दोनों खातों से उसका मोबाइल नंबर जुड़ा हुआ है। गत 13 अक्टूबर को उसका फोन हैंग हो गया। कॉल न तो किसी के पास जा ही थी और न ही आ रही थी। शाम को उसके फोन पर पीएनबी बैंक से 28,800 रुपये तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से तीस हजार तथा 43 हजार रुपये कटने के संदेश आए।

दवा लेने निकली महिला संदिग्ध हालात में लापता

जींद। गांव खटकड़ घर से दवाई लेने निकली महिला के गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खटकड़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 अक्टूबर को उसकी 29 वर्षीय पत्नी घर से दवाई लेने की बात कह कर जींद के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

कंप्यूटर सेंटर के लिए घर से निकली युवती लापता

जींद। घर से कंप्यूटर सेंटर के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। श्याम नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 अक्टूबर को उसकी बेटी घर से कंप्यूटर सेंटर के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैथलः हेरोइन सप्लायर गिरफ्तार, भेजा जेल

कैथल। थाना गुहला पुलिस के एएसआई सलिंद्र की टीम द्वारा हेरोइन सप्लायर आरोपी गांव शादीपुर निवासी अंग्रेज उर्फ गेजा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 अगस्त को सीआईए गुहला पुलिस टीम द्वारा समाना से रजवाहा पटरी पर नाकाबंदी दौरान मोटरसाइकिल चालक आरोपी जसपाल सिंह निवासी मुरादपुर जिला पटियाला पंजाब को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 6.08 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई थी।

गाड़ी का फर्जी मालिक बन करवाई जमानत, केस दर्ज

जींद। अदालत में महिला की जमानत के लिए फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर गुमराह करने का मामला सामने आया है। अदालत के आदेश पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने दस्तावेज प्रस्तुत कर जमानत लेने वाले व्यक्ति के खिलाफ गुमराह करने, धोखाधड़ी करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नरवाना जेएमआईसी अदालत की तरफ से पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव धमतान साहिब निवासी रेखा के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

सफीदों क्षेत्र के लोगों को मिली सौगात, चार एकड़ में बनेगा नर्सिंग कॉलेज

महाविद्यालय के निर्माण पर खर्च होंगे लगभग 43.5 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय का भूमि पूजन कर विधिवत शिलान्यास करते विधायक रामकुमार गौतम।

राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय नक्शा।

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी दिशा में सफीदों शहर में राजकीय नर्सिंग कालेज का निर्माण होगा। कालेज के शुरू होने से सफीदों क्षेत्र की बेटियों और महिलाओं को नर्सिंग की पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विधायक रामकुमार गौतम शुक्रवार को हरियाणा के जींद के सफीदों में बनने वाले राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय का भूमि पूजन कर विधिवत शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लगभग चार एकड़ भूमि पर बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 43.5 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस परियोजना से क्षेत्र में उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के अवसर बढ़ने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मियों की उपलब्धता को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग शिक्षा आज स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका होती है। ऐसे में सफीदों में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय स्थापित होने से स्थानीय विद्यार्थियों को नर्सिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का अवसर मिलेगा। इससे विशेष रूप से उन परिवारों को लाभ होगा, जिनकी बेटियां दूरी और आर्थिक कारणों से दूसरे शहरों में जाकर शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाती। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षण संस्थान युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र की प्रगति में भी योगदान देते हैं। नर्सिंग महाविद्यालय बनने से सफीदों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक नया विकल्प मिलेगा। इससे क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। विधायक ने निर्माण कार्य से जुड़े हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाविद्यालय के निर्माण में निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण मजबूत, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और विकास परियोजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब उनका क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाए। इसलिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ निर्माण कार्य को आगे बढ़ाएं और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने का प्रयास करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, चेयरमैन चंद्र सैनी, रोहताश शर्मा, विनोद कौशल, सक्षम भटिया, एसई नरेश गोस्वामी, एक्सईएन इंद्रपाल, एसडीई सुरेंद्र पाल, सुधीर कुंडू, प्रधानाचार्य शकुंतला, डा. बलबीर, गरिमा रीना व अन्य सम्बधित अधिकारी तथा कॉलेज की छात्राएं मौजूद रहे।

सप्ताह के भीतर धान खरीद को लेकर तीसरी बार जाम

किसानों ने धान खरीद को लेकर लगाया जाम

छात्रों और यात्रियों को भारी परेशानी का करना पड़ा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

एसडीएम ने खरीद शुरू करवाने का दिया आश्वासन





मंडी के सामने धान खरीद को लेकर जाम लगाए बैठे किसान और किसानों से बातचीत करते एसडीएम संजय कुमार,डीएसपी रोहतास व अन्य अधिकारी।

धान की सुचारू खरीद न होने से परेशान किसानों ने शुक्रवार को एक बार फिर राजौंद अनाज मंडी के सामने जाम लगा दिया। एक सप्ताह के भीतर धान खरीद को लेकर यह तीसरी बार जाम लगा। सुबह करीब 11 बजे लगाया गया जाम शाम साढ़े 5 बजे अधिकारियों के आश्वासन के बाद खोला गया। करीब साढ़े छह घंटे तक जाम रहने से वाहन चालकों, स्कूली विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई विद्यार्थियों व यात्रियों को करीब दो किलोमीटर तक पैदल सफर करना पड़ा। जाम की सूचना मिलने पर कैथल एसडीएम संजय कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि धान की खरीद में तेजी लाने के लिए पांच मिलरों को बुला लिया गया है। उन्होंने कहा कि 17 मोचर तक नमी वाली धान की सरकारी रेट पर खरीद की जाएगी। जिन किसानों की धान में नमी 17 मोचर से अधिक है, वे धान को सुखाकर तैयार करें। 17 मोचर होने पर उसकी भी सरकारी रेट पर खरीद सुनिश्चित की जाएगी।

मंडी में खरीद प्रक्रिया की निगरानी करेंगे

एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह शनिवार सुबह 9 बजे राजौंद अनाज मंडी पहुंचेंगे और धान की खरीद पूरी तरह सुचारू होने तक मंडी में ही रहकर खरीद प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। एसडीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोल दिया। इस दौरान डीएसपी कैथल रोहतास, थाना प्रभारी हरपाल सिंह, डीएम कैथल सुरेंद्र नैन, हैफेड प्रबंधक नवीन कुमार और मार्केट कमेटी सचिव देवेंद्र मोर सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

- दूसरे घर में सोने के कारण बची तीन बच्चों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



शहर के वार्ड नंबर 4 में देर रात तेज बारिश के बाद एक मकान की दूसरी मंजिल पर बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आने से फ्रिज, अलमारी सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसे में परिवार को लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। गनीमत रही कि घर में मौजूद तीन बच्चे सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 4 निवासी विक्की अपनी पत्नी और बेटे के साथ चंडीगढ़ गया हुआ था, जहां उसके बेटे का ऑपरेशन होना था। घर पर उसके तीन बच्चे मौजूद थे। रात को तीनों बच्चे मकान की ऊपरी मंजिल पर सोने के बजाय नीचे की मंजिल में रहने वाले दूसरे परिवार के यहां सो गए। इसी दौरान मकान की दूसरी मंजिल पर अचानक आग लग गई। बच्चों के दूसरी जगह सोने के कारण वे आग की चपेट में आने से बच गए। यदि बच्चे ऊपरी मंजिल पर सो रहे होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। परिजनों के अनुसार, रात को तेज बारिश होने के बाद मकान की ऊपरी मंजिल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने वहां रखे घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग से फ्रिज, अलमारी और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। इस घटना से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

संदिग्ध हालात में सफाई कर्मी ने घर में फंदा लगाकर दी जान

- परिजन कार्यवश गए हुए थे काम पर, चौबारे में अकेला था सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड वाल्मिकी बस्ती में शुक्रवार को संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक नप में डीसी रेट पर सफाई कर्मी लगा हुआ था। पुलिस ने मृतक के शव पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। भिवानी रोड वाल्मीकि कालोनी निवासी सुरेंद्र (40) ने शुक्रवार को मकान के चौबारे में फंदा लगा लिया। घटना के दौरान परिवार के लोग कार्यवश बाहर गए हुए थे। घटना का उस समय पता चला जब उसका भाई मनोज मकान पर पहुंचा। जब उसने चौबारे में जाकर देखा तो वह पंखे से फंदे पर लटका हुआ था। मनोज द्वारा शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और सुरेंद्र को फांसी के फंदे से नीचे उतार नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भाई मनोज ने बताया कि सुरेंद्र डीसी रेट पर नगर परिषद में सफाईकर्मी लगा हुआ था।

एक लाख ठगने के दो आरोपित गिरफ्तार

जींद। साइबर थाना पुलिस ने बेटे को क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े जाने तथा उसे केस से छुडाने के नाम पर एक लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से दो हजार रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपितों से अन्य आरोपितों के बारे में पूछताछ कर रही है। थाना साइबर क्राइम जींद के प्रभारी उप निरीक्षक जगदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव रूपगढ़ निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डयूटी पर था और तभी उसे उसके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सअप कॉल आई कि आपके बेटे के किसी दोस्त ने उसके बेटे का मोबाइल फोन इस्तेमाल किया है और क्राइम ब्रांच ने उसके बेटे को भी पकड़ लिया है।

कार से 3.15 किलो चरस बरामद

- बोनट में छिपा रखा था नशा, एचएसएनसीबी की कार्रवाई
- कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से हो गया फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने नरवाना के शास्त्री नगर स्थित गोगा मेड़ी वाली गली में एक स्विफ्ट कार से तीन किलो 15 ग्राम चरस बरामद की है। कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने चरस को कब्जे में ले मामले की जांच शुरू कर दी है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट इंचार्ज एसआई तरसेम सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए नरवाना क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि नई बाल्मीकि बस्ती, टोहाना रोड नरवाना निवासी सन्नी अपने साथी के साथ सफेद स्विफ्ट कार में चरस लेकर आया है और नरवाना क्षेत्र में सप्लाई करने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर टीम ने टोहाना रोड और शास्त्री नगर क्षेत्र में निगरानी शुरू कर दी। पुलिस की निगरानी के कारण आरोपित अपनी गाड़ी शास्त्री नगर ले गया। पुलिस ने गाड़ी का पीछा करते हुए गोगा मेड़ी वाली गली में पहुंच कर कार को घेरा। इससे पहले की पुलिस पहुंचती चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। कार की तलाशी के दौरान बोनट के नीचे वाइपर के पास लगे प्लास्टिक कवर से छह मोमी लिफाफे मिले। इनमें कुल तीन किलो 15 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस, कार और संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने सन्नी के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार सन्नी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

हत्यारोपित पिता दो दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव तलौडा में बेटे मुरारी की हत्यारोपित पिता मदनलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मदनलाल से हत्या में प्रयोग की गई पिस्तौल को बरामद करने का प्रयास किया । जिसके लिए पुलिस ने गांव के तालाब को भी खंगालने का काम किया। बताया जा रहा है कि मदन लाल ने पिस्तौल को गांव के ही तालाब में फैंक दिया था। इसके बाद मदनलाल चंडीगढ़ भी गया। वीरवार शाम को उसने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल मदनलाल दो दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहा है। शनिवार को उसे फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि बुधवार रात को गांव तलौडा में 26 वर्षीय युवक मुरारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी शिवानी ने अपने ससुर मदनलाल पर ही हत्या के आरोप लगाए हैं। सूत्रों की मानें तो मदनलाल ने हत्या के बाद पिस्तौल को गांव के ही तालाब में फेंक दिया था। इसके बाद वह चंडीगढ़ भी गया और वीरवार दोपहर बाद अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। इसी दौरान सदर थाना पुलिस ने मदनलाल को अदालत से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को मदनलाल की निशानदेही पर पिस्तौल बरामद करने की कोशिश की है। मुरारी व उसके पिता मदनलाल के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण मुरारी की हत्या की गई।

अभी तक पिस्तौल नहीं मिला

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि डायल 112 के जिन पुलिस कर्मचारियों पर मौके से भागने के आरोप लगाए गए थे, उनकी विभागीय जांच एएसपी को सौंप दी है। पुलिस कर्मचारी यदि इस मामले में दोषी मिले तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरोपित मदनलाल दो दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहा है। शनिवार को उसे अदालत में दोबारा पेश किया जाएगा। शुक्रवार को आरोपित से पुलिस ने पिस्तौल बरामद करने की कोशश की लेकिन अभी तक पिस्तौल नहीं मिला है।

रात को किया मुरारी के शव का अंतिम संस्कार

मृतक मुरारी के शव का अंतिम संस्कार वीरवार रात को लगभग नौ बजे के आसपास किया गया। देर शाम तक शव का पोस्टमार्टम हुआ था। इसके बाद गांव तलौडा में अंतिम संस्कार किया गया। उसकी बहन आंचल ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

विदेश भिजवाने के नाम पर 37 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अमेरिका भेजने का झांसा देकर युवक से 37 लाख रुपये ठग लिए। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। कलायत थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। गांव कोलेखा के नरेश ने शिकायत में बताया कि वह अमेरिका जाना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अपने गांव के अंकित के माध्यम से कुलविंदर सिंह से हुई। आरोप है कि कुलविंदर ने उसे 55 लाख रुपये में अमेरिका भेजने का भरोसा दिया। सौदे के अनुसार, 35 लाख रुपये पहले और 20 लाख रुपये अमेरिका पहुंचने के बाद देने तय हुए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, 21 दिसंबर 2023 को उसने कैथल शुगर मिल के पास एक कार्यालय में कुलविंदर सिंह और उसकी पत्नी जसप्रीत कौर को 16.50 लाख नकद दिए। अगले दिन 22 दिसंबर को नरवाना में बिजली बोर्ड के पास 10.50 लाख रुपये और दिए। इसके बाद 23 दिसंबर को कुलविंदर अपने पिता हरबंस सिंह के साथ पहुंचा, जहां उसने सात लाख नकद और एक लाख फोन-पे के माध्यम से कुलविंदर के बैंक खाते में जमा करवाए।

कैथल में दशहरा पर्व पर होगा 61 फीट के रावण के पुतले का दहन

- सांसद नवीन जिंदल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर में इस बार दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। 20 अक्टूबर को चंदाना गेट स्थित रामलीला ग्राउंड में रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया जाएगा। इस बार 61 फुट ऊंचा रावण, 55 फुट का कुंभकरण और 50 फुट का मेघनाद आकर्षण का केंद्र रहेंगे। तीनों पुतलों को लाइटों वाली ड्रेस से सजाया जाएगा। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत और समाजसेवी दिनेश रहेजा विशिष्ट अतिथि होंगे। दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर श्रीराम दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने जिमखाना क्लब में प्रेसवार्ता की। समिति प्रधान संदीप सैनी, उपप्रधान रजत थरेजा, महासचिव शशि सैनी और सहसचिव अभिषेक गोयल ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। पुतलों की ऊंचाई और लाइटों से सजी ड्रेस इस बार उत्सव का खास आकर्षण रहेंगी। शहरवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। आयोजकों को उम्मीद है कि दशहरा देखने के लिए शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। पुतला दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाएगा।

नरवानाः 4 कंपनियां 310 युवाओं को देंगी नौकरी

- आईटीआई नरवाना में 19 अक्टूबर को महारोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 19 अक्टूबर , को सुबह 9:30 बजे जॉब फेयर एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसमें कृष्णा मारुति लिमिटेड (मानेसर), यूएनओ मिंडा ईवी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड (गुरुग्राम), श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड (पथरेड़ी, राजस्थान) और आउमोविओ (मानेसर) कुल 310 पदों पर भर्ती करेंगी। सभी ट्रेडों के अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकेंगे। कृष्णा मारुति लिमिटेड 18 से 30 वर्ष आयु के आईटीआई पास 100 अभ्यर्थियों का चयन करेगी। इन्हें 16,781 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे, जिसमें अटेंडेंस एवं स्पेशल अवॉर्ड के 1,200 और 500 रुपये शामिल हैं। यूएनओ मिंडा ईवी सिस्टम 18 से 25 वर्ष आयु के 10वीं, 12वीं व आईटीआई पास 100 अभ्यर्थियों को 16,700 रुपये प्रतिमाह देगी, जिसमें अटेंडेंस एवं रिटेंशन अवॉर्ड के 1,000 और 3,000 रुपये शामिल हैं।

खबर संक्षेप

राजकीय कन्या स्कूल में विधिक जागरूकता कैंप

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद अमित सिहाग द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो अधिनियम) के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गई।

घर में घुस महिला से दुष्कर्म का प्रयास

जींद। जुलाना थाना इलाका गांव घर में घुस कर महिला से दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला सामने आया है। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ अशील हरकत करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 अक्टूबर को वह घर में अकेली थी।

बेरी माता मंदिर में माता का विशाल जागरण आज

जींद। रोहतक रोड चौड़ी गली स्थित बेरी माता मंदिर में 17 अक्टूबर को माता का विशाल जागरण आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मां भीमेश्वरी देवी का भव्य दरबार सजाया जाएगा और भक्तिमय भजनों के माध्यम से महामाई की महिमा का गुणगान किया जाएगा। भजन संध्या में सोनू सिंगला एंड पार्टी द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया जाएगा। जानकारी देते हुए मनजीत कुमार ने बताया कि भजनों के माध्यम से श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन होंगे। कार्यक्रम में भव्य दरबार, पंच मेवा भोग और सुंदर-सुंदर झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी।

महिला सशक्तीकरण पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में महिला प्रकोष्ठ एवं लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तीकरण एवं महिला विकास से संबंधित विषयों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मुनीष कुमार ने की। प्रतियोगिता का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. सुनेत रानी ने करवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन कुमारी अन्नू द्वारा किया गया, जबकि स्कोर बोर्ड से संबंधित कार्य प्रवीण कुमार ने संभाला। प्रतियोगिता के सफ ल संचालन में मीनू, डा. मनोज कुमार एवं सरिता का सहयोग रहा।

जींद के पहलवानों के चयन ट्रायल 17-18 को

जींद। हरियाणा खेल विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं और कुमार, कुमारी व केसरी दंगल के लिए जींद जिले के पहलवानों के चयन ट्रायल 17 और 18 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल जींद के लिजवाना कलां स्थित माहिर कुश्ती अकादमी में होंगे। जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि 22 से 24 अक्टूबर तक पलवल में राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता और कुमार, कुमारी व केसरी दंगल आयोजित होगा।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

उचाना। उचाना सर्वोदय वेलफेयर सोसायटी की ओर से पलवां रोड स्थित नाथजी प्राइवेट आईटीआई उचाना मंडी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। निदेशक संजय खटकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व के बारे में जानकारी देते पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। खटकड़ ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

नवरात्र की सप्तमी पर आज जयंती देवी मंदिर में लगेगा मेला

नवरात्र की छठ पर कात्यायनी देवी के दर्शन को उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्रद्धालुओं ने पूजा कर मांगी मन्नतें, मेले में श्रद्धालुओं ने की जमकर खरीददारी

शारदीय नवरात्र की छठ पर शुक्रवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवती दुर्गा तथा मां कात्यायनी के दर्शन कर सुखी जीवन की कामना की। नवरात्र की छठ के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मध्यरात्रि से ही सोमनाथ मंदिर, जयंति देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, रघुनाथ मंदिर में जमा होने शुरू हो गए। नवरात्र के छठ के दिन कात्यायनी देवी के दर्शन का विशेष महत्व समझा जाता है। सोमनाथ मंदिर में मेले का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने यहां देवी भगवती के दर्शन किए। दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। इस मौके पर मंदिर में उमडऩे वाली भीड़ को ध्यान में रखकर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे। मंदिर प्रबंध समिति ने भीड़ को देखते हुए महिला तथा पुरूषों के लिए मंदिर प्रांगण में बेरीकेटिंग की थी। देवी भगवती के दर्शन के लिए महिलाओं की संख्या अधिक थी। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट की गई और श्रद्धालुओं ने मंदिर के बाहर खरीददारी भी की। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि जर्रे-जर्रे में है मां का वास, वही है सबकी सृजनहार, वही है सबकी पालनहार, वही है सबके हृदय की धड़कन, वही ऊर्जा के रूप में पूरे शरीर में प्रवाहित हो रही है। जब वही सब कुछ कर रही है तो फिर ईष्या किससे, नफरत किससे। अतः मां के विराट स्वरूप से प्यार करो, उसी को चाहो, उसी के बन जाओ। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में नवार्ण महायज्ञ के पांचवे दिन गुरूवार को मातृभक्तों के समक्ष अपने प्रवचन में व्यक्त किए। पूर्व नप अध्यक्ष विनोद आशरी, प्रमोद सोनी, डा. विनोद अग्रवाल, स्पर्श सिंगला आदि ने सपरिवार मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि मां से प्यार करने का अर्थ है मां के बनाए हुए बंदों से प्रेम करना। यदि कोई मनुष्य यह कहे कि मैं अपने पड़ोसी से तो घृणा करता हूं, किंतु ईश्वर से प्रेम करता हूं तो वह झूठा है। उन्होंने कहा कि जो प्राणी मंदिर में तो मां की मूर्ति की पूजा करता है किंतु घट-घट वासी मां की उपेक्षा करता है तो उसकी वह भक्ति दिखावा है, छलावा है। ईश्वर करे हम ऐसी स्थिति में आ जाएं जब हमें सर्वत्र मां का ही दर्शन हों, जर्रे-जर्रे में उसकी ही झांकी दिखाई दे। अभी से इस साधना में लग जाओ व तब तक रूकना मत जब तक मां को पा न लो।



जींद। सोमनाथ मंदिर में लगे मेले में खरीददारी करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की आरती करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



भव्य मेला आज

महाभारतकालीन जयंती देवी मंदिर में सप्तम नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही शनिवार को भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। जींद की कुलदेवी होने के नाते शहर के तमाम लोग अपनी मन्नतों को पूरा कराने के लिए मां के दरबार में अर्जी लगाएंगें। मंदिर में हो रहे भव्य मेले की व्यवस्था को लेकर श्रद्धालु स्वयंसेवक के तौर पर जिम्मा संभालेगें। जसंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए मंदिर की ओर से प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। मेले में जींद शहर के हजारों श्रद्धालु पहुंचते है। इसलिए व्यवस्था के लिए पुलिस और श्रद्धालु मोर्चा संभालेगें। मां के दरबार में लगाई गई अरदास कभी खाली नहीं जाती है और मां जयंती सबकी मनोकामना पूर्ण करती है।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

जींद के चार खंडों में निपुण मिशन के तहत बीपीआईयू बैठक

जींद। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिले के सफीदों, पिलुखेड़ा, अलेवा और जींद खंडों में खंड स्तरीय ब्लॉक प्रोजेक्ट इ प्लीमेंटेशन यूनिट (बीपीआईयू) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं समीक्षा जिला समन्वयक (एफएलएन) राजेश वशिष्ठ ने की। इस अवसर पर सभी संबंधित ब्लॉक समन्वयकों ने अपने-अपने खंड की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट एवं ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान निपुण भारत मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों को गति देने तथा प्राथमिक शिक्षा में बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान (एफएलएन) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कई अहम मुद्दों पर गहन मंथन हुआ। निरीक्षण और 60 दिन से छूटे विद्यालयों पर विशेष ध्यान बैठक को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि बैठक में एफएलएन विजिट की समीक्षा की गई। विशेष रूप से ऐसे विद्यालयों को चिह्नित कर चर्चा की गई।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय वमावि ढाठरथ में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया । इसमें छात्रों को संतुलित आहार शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य कैंसर से बचाव और गैर संचारी रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया । शिविर में सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली, उप सिविल सर्जन डा. विजेंद्र सिंह ढांडा और जिला कार्यक्रम समन्वयक (एनसीडी) डा. संजीत सिंह मौजूद रहे। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के महत्व की जानकारी देते इसके लिए प्रेरित किया। उनके प्रोत्साहन से दो छात्राओं ने टीकाकरण करवाया। उन्होंने कहा कि एचपीवी संक्रमण गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर सहित कुछ अन्य कैंसरों से जुड़ा हो सकता है। पात्र बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से सही जानकारी लेनी चाहिए। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। सीएमओ ने छात्रों को हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें और प्रोटीनयुक्त भोजन लेने तथा जंक फूड, अधिक चीनी और मीठे पेय पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी। उप सिविल सर्जन डा. विजेंद्र सिंह ढांडा ने पढ़ाई के साथ मानसिक स्वास्थ्य, योग और व्यायाम को भी जरूरी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और स्वच्छता अपनाने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्य, स्वच्छता और संतुलित आहार विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतिभागियों को रजिस्टर, पेन और पेंसिल देकर प्रोत्साहित किया गया। एचपीवी टीका लगवाने वाली दोनों छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य वजीर सिंह दलाल ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार जताया। इस दौरान डा. जितेंद्र सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।





जींद। महाविद्यालय का भ्रमण करते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षणिक टूर

जींद। हिंदू कन्या कालेज के इतिहास विभाग की ओर से अनुभवात्मक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया । विभागाध्यक्षा डा. रश्मि मलिक के नेतृत्व में इतिहास विषय की 42 छात्राएं सुबह महाविद्यालय परिसर से श्री जयंती देवी मंदिर एवं गौ नंदीशाला जींद के लिए रवाना हुईं। भ्रमण का पहला पड़ाव श्री जयंती देवी मंदिर रहा। इन दिनों शारदीय नवरात्रि के चलते मंदिर परिसर में विशेष धूमधाम और भक्तिमय वातावरण था। ढोल, नगाड़ों, भजनों और जयकारों के बीच माता की आराधना चल रही थी। डा. रश्मि मलिक ने छात्राओं को मंदिर के गर्भगृह में ले जाकर विस्तार से बताया कि जींद नगर की अधिष्ठात्री देवी मां जयंती देवी ही हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत के युद्ध से पूर्व पांडवों ने यहां विजय की देवी मां जयंती की आराधना कर विजय का आशीर्वाद लिया था। तभी से यह स्थान विजयदायिनी के रूप में विख्यात है और इसी के नाम पर इस नगर का प्राचीन नाम जैंतापुरी पड़ा। डा. मलिक ने बताया कि जयंती देवी में शक्ति और विजय दोनों का स्वरूप है। इसलिए आज भी मनोकामना पूर्ति के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं।

सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का दिया संदेश

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय की ओर से प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाषण, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, चित्रकला, काव्य गोष्ठी और हरियाणवी पारंपरिक कला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। समापन समारोह में विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि और बहुमुखी क्षमताओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



जींद। छात्रों को सीए, कंपनी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए पुनित।

छात्राओं को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं करियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी देने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया । कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। महाविद्यालय के मार्गदर्शन ब्यूरो एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ ने वाणिज्य परिषद के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए),कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) तथा कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (सीएमए) जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में पुनीत कंसल ने विद्यार्थियों को इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक योग्यता, प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली तथा भविष्य में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि सीए, सीएस और सीएमए जैसे पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को लेखांकन, वित्तीय प्रबंधन, कराधान तथा कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपना करियर बनाने के अवसर प्रदान करते हैं।

पुरानी अनाज मंडी में करवाया जा रहा रामलीला का मंचन

नरवाना में रामलीला मंचन में भरत मिलाप का दृश्य देख दर्शक भावुक, राम की खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौटे भरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

श्री रामा भारतीय कला केंद्र के द्वारा पुरानी अनाज मंडी में करवाए जा रहे रामलीला मंचन के दौरान भरत मिलाप, निखादराज व अगस्त ऋषि तक के दृश्य दिखाए गए। यहां मुख्यतिथि के तौर पर नप पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सुदेश चौपड़ा, जयभगवान मित्तल, सुशील मित्तल व रिपन गर्ग ने शिरकत की। उन्होंने रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किये। मंच संचालन शैलेंद्र मोहन गर्ग ने किया। लीला के शुभारंभ से पहले भगवान विष्णु की आरती कलाकारों द्वारा मंच पर गाई गई। अयोध्या में भगवान राम के भाई भरत पूरे व्याकुल होते हैं और जिद्व करते हैं कि उन्हें भी भाई राम के पास उनसे मिलने के लिए जाना है। इसी जिद्व के चलते वह राम को वनों ढुंढने के लिए निकल पड़ते हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात निखादराज से होती है। पहले तो निखाद राज भरत के आने की सूचना पाकर चौकना हो जाता है और फिर बाद में उनसे मुलाकात वह भी उनके साथ चला जाता है। राम से मिलने के बाद भरत अयोध्या में घटित सारी घटनाओं को बता देता है। इससे भगवान राम पिता के जाने की खबर सुनकर दुखी हो जाते हैं। उसके बाद फिर वह भरत को वापस अयोध्या में भेज देते हैं।भरत भगवान राम के खड़ाऊं लेकर अयोध्या के लिए वापस चलें जाते है ।मंचन में राम की भूमिका अमन वर्मा, लक्षमण की भूमिका रामप्रकाश, सीता की भूमिका प्रिंस धीमान ने निभाई। प्रधान भारत भूषण गर्ग, संरक्षक सुशील कौशिक एडवोकेट, हंसराज समैण, ईश्वर गोयल, वीरेंद्र नैन, मंजीत गौरा, जगदीश पांचाल, संजय रोहिल्ला, असीम राणा, खचांजी लाल बाता जोगेंद्र शर्मा, राहुल सिंगला, धर्मबीर गोयल, अजय बिट्टू, संजय चौधरी व सुरेश मित्तल, आशीष सान्याल के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



नरवाना। रामलीला मंच पर मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

कार्रवाई की गई

छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर किया जागरूक

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगूरां की चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा यादव व स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां में किशोर स्वास्थ्य एवं वेलनेस दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की 100 छात्राओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के सफ ल आयोजन में विद्यालय प्रभारी सविता व विनीता का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्ति विषय पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय तथा गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. दीक्षा यादव की निगरानी में छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें एएनएम दर्शना एवं स्वास्थ्य कर्मचारी नरेंद्र कुमार ने सहयोग किया। वहीं स्वास्थ्य परामर्शदाता सुषमा द्वारा नशीले पदार्थों के शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव, नशे से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर स्वास्थ्य वार्ता दी गई।



रोड सेफ्टी क्विज में शिवानिया पब्लिक स्कूल प्रथम

उचाना। शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया। ब्लॉक स्तर पर राजकीय विद्यालय उचाना मंडी में प्रतियोगिता में 50 विद्यालयों के 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शिवानिया पब्लिक स्कूल की जूनियर टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विजेता टीम में नमन, कृत और यशिका शामिल रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर टीम ने जिला स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। छात्रों की उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी के लिए जरूरी है। यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं नियमों का पालन करने के साथ-साथ दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बख्ता खेड़ा की हिमानी प्रथम

जुलाना। जुलाना के रावमावि बुढ़ा खेड़ा लाठर में प्राचार्य श्याम देव आर्य के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी एवं खंड शिक्षा अधिकारी जुलाना धर्मेंद्र बांगड़ और प्राचार्य सुरेंद्र पानू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय प्रांगण पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियोंए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। प्रदर्शनी के विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रूरल ट्रांसफॉर्मेशन विषय में रावमावि बुढ़ा खेड़ा लाठर के जीत ने पहला, शामलो कलां के शुभम ने दूसरा तथा रावमावि शामलो कलां की प्रीति ने तीसरा स्थान हासिल किया। डिजास्टर मैनेजमेंट में बुढ़ा खेड़ा लाठर के रौनक प्रथम, पीएमश्री जुलाना की सुधा द्वितीय व रावमावि शामलो के नितिन तृतीय रहे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बख्ता खेड़ा की हिमानी ने प्रथम, शामलो कलां की आंचल ने द्वितीय और रावमावि एनंदगढ़ की ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



रचनात्मक गतिविधियों से दिया संवेदनशीलता का संदेश

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में मनोविज्ञान विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किया । कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का विषय जीवन के अनुभवों को सुनना, वास्तविक आवाजें, वास्तविक बदलाव रहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और सामाजिक सहयोग का संदेश दिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रकोष्ठ का उद्घाटन रहा। जिसका उद्देश्य विवि परिसर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुलकर संवाद को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में कोलाज निर्माण, पोस्टर निर्माण, कहानी लेखन एवं कथावाचन कविता पाठ और रंगोली निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की । विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से व्यक्तिगत अनुभवों भावनाओं को समझने, आपसी सहयोग और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



फसल बेचने में नहीं आने दी जाएगी परेशानी : डीसी

जींद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद का कार्य निरंतर जारी है। वीरवार देर शाम तक जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 47,785 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किसानों की सुविधा, सुचारू खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिले की सभी संबंधित खरीद एजेंसियों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार खरीद कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि किसानों की सुविधा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। मंडियों में फसल की आवक के अनुरूप आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं तथा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। बताया कि बुधवार देर शाम तक अलेवा अनाज मंडी में 2,879 एमटी, धमतान में 2,171 एमटी , गढ़ी में 2,016 एमटी , जींद में 1171 एमटी , खरल में 417 एमटी , काबरछा में 513 एमटी , मंगलपुर में 831 एमटी , नगूरां में 398 एमटी , नरवाना में 22,658 एमटी पिल्लूखेड़ा में 1498 एमटी, सफीदों में 1,777 एमटी, उचाना अनाज मंडी में 290 एमटी तथा ओल्ड ग्रेन मार्केट उचाना में 1,0950 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई।

1500 मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का पुनीत अव्वल

नरवाना। केएम राजकीय कालेज, में 60वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो मेजर सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में शुरू हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन के मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने खेल ध्वज का आरोहण करते वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर कॉलेज काउंसिल के सदस्यों द्वारा फूल मालाएं व शारीरिक शिक्षा विभाग के मेजर सुरेंद्र कुमार ने बुक्के देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। खेलों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सहनशीलता और प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ पुरुष में बीए प्रथम वर्ष के पुनीत ने पहला स्थान, मोहित ने दूसरा तथा करण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



एमपीएचडब्ल्यू ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जींद। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो. हरियाणा ने स्वास्थ्य विभाग की एमओटीपी प्रक्रिया के विरोध में लघु सचिवालय पहुंच शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से एमपीएचडब्ल्यू वर्ग को ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की मांग की । ज्ञापन सौंपने से पहले एसोसिएशन के राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू एवं जिला जींद के प्रधान प्रदीप लाठर ने सरकार की सजावटी आदर्श ऑनलाइन नीति की कड़े शब्दों में विरोध करते कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में आदर्श जैसा कुछ नही है। सरकार ने पारदर्शी नीति का हवाला देते हुए नीति की शुरुआत की थी लेकिन रेशनेलाइजेशन के नाम पर अनेकों जिलों के बहुत सारे पद बंद कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना शासक की जिम्मेदारी है, इन हालातों में आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राम भरोसे छोड़ देना तर्कसंगत नही है। प्रदेशभर से ग्राम पंचायतों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार को मांगपत्र भेजते हुए विरोध जताया है एवं पदों को ब्लॉक न करने एवं प्रदेश भर में खाली पदों को नियमित भर्ती से भरने की अपील की है



खबर संक्षेप

पंप मालिक ने कर्मचारी से की मारपीट, केस दर्ज

कैथल। मोहना के पेट्रोल पंप पर हिसाब-किताब के दौरान हुई कहासुनी के बाद पंप मालिक ने एक कर्मचारी की पिटाई कर दी। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने उसके साथ थप्पड़-मुक्कों से हमला किया, जिससे उसकी नाक से खून बहने लगा। मेडिकल जांच और सीटी स्कैन रिपोर्ट में नाक की हड्डी सहित चेहरे की हड्डियों में फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शिकायत में गुरचरण ने बताया कि वह मोहना स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता है। उसके आरोप के मुताबिक, मुन्नारेहड़ी निवासी अंकित पिछले करीब एक महीने से उसके साथ गाली-गलौज करता आ रहा था।

इंडिया स्किल्स स्पर्धा के लिए 19 तक करें आवेदन

कैथल। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए पात्र युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 19 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को अपनी दक्षता और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने बताया कि इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता युवाओं को अपने हुनर को पहचान दिलाने का अवसर प्रदान करती है। प्रतियोगिता में उभरती प्रौद्योगिकियों, उद्योग की जरूरतों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कुल 63 कौशल श्रेणियां शामिल की गई हैं।

युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए हुआ सांसद खेल महोत्सव का आगाज

सांसद जिंदल युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए प्रयासरत: सैनी

महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबॉल, कुश्ती, शूटिंग सहित होगी 11 प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी खेलों का आगाज करते हुए।



कैथल। सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप की शुरुआत करते नवनीत गोयल फोटो : हरिभूमि

सांसद नवीन जिन्दल की ओर से सांसद खेल महोत्सव 2.0 आगाज हो चुका है। पूरे कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जोरों से चल रही है। आज कैथल भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। पिछले सांसद खेल महोत्सव में युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए मजबूत प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा चुके हैं। उन्होंने कैथल के लोगो से अपील करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों की भागीदारी संभव हो सके।

इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर 1 नवंबर से सांसद खेल महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। इस बार सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, बॉक्सिंग, कुश्ती, शूटिंग, क्रिकेट, एथलेटिक्स और रस्साकशी सहित 11 खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन के पहले चरण में 1 से 20 नवंबर तक विधानसभा स्तर पर मुकाबले होंगे, जबकि दूसरा चरण 7 से 16 दिसंबर तक लोकसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा। 16 दिसंबर को भव्य समापन समारोह होगा।

उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर व्यक्तिगत स्पर्धाओं में प्रथम पुरस्कार 3,100 और द्वितीय पुरस्कार 2,100 रुपये निर्धारित किया गया है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर जिला महामंत्री जंगीर सिसला, जिला महामंत्री मुनीश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल, पाला राम, कर्मवीर सिसोदिया गुहला हल्का प्रभारी, अरविंद गोलन पुंडरी हल्का प्रभारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

योग दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



राजौंद। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत युवा एवं खेल मंत्रालय के अभियान के अंतर्गत योग एवं आत्मरक्षा दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रमेश कुमार ने किया तथा संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मामला राम ने किया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशामुक्ति, आत्मरक्षा और योग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. सुरेश रविश ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अच्छी संगति अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापक राम मेहर ने आत्मरक्षा के लिए सतर्क रहने और जूडो-कराटे जैसे खेलों का प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता बताई।सतवीर सिंह ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी मामला राम ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, योग को जीवनशैली में शामिल करने तथा आत्मरक्षा के लिए आवश्यक कौशल सीखने का आह्वान किया।

सीबीएसई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का दूसरा दिन

कैथल। आरकेएस डी पब्लिक स्कूल कैथल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन अंडर 14 , अंडर 17 और अंडर 19 वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर नवनीत गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और देश विदेश से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रतिभा, साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया। रिंग में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि नवनीत गोयल ने देश-विदेश से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बॉक्सिंग जैसे खेल आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्विनी शोरेवाला तथा प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने भी सभी बालिकाओं को आज की प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। आज के कार्यक्रम में गौरव मंगला राजेश गर्ग प्रवीण जैन सीबीएसई ऑब्जर्वर आशीष कुमार, बॉक्सिंग कोच विक्रम, स्कूल की उप-प्रधानाचार्या वीना बंसल और पवन शर्मा भी उपस्थित रहे और इन सभी ने भी खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन पर उनका उत्साह वर्धन किया ।

न्यूज डायरी



गणित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

राजौंद। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में विद्यार्थियों की गणितीय प्रतिभा व तार्किक क्षमता को निखारने के उद्देश्य से गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में तीन समूहों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गणित प्रवक्ता रमेश कुमार एवं प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं आत्मविश्वास और तार्किक सोच विकसित करने में सहायक होती हैं। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



शिविर में ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव सेरधा स्थित शहीद कश्मीरी लाल राजकीय स्कूल में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लेबरफेड के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि सुशील पांचाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर देवेंद्र पांचाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उनके पात्रता मानदंडों और आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। शिविर के दौरान लाडो लक्ष्मी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य योजनाओं के पंजीकरण करवाए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं और लगभग 25 वर्षों से जनसेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं।



डीसी ने ली जिला स्तरीय टेलीकॉम कमेटी की बैठक

कैथल। डीसी अपराजिता ने शुक्रवार को जिला स्तरीय टेलीकॉम कमेटी (डीएलटीसी) और भारतनेट प्रोजेक्ट से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मंडियों सहित जिले में इंटरनेट नेटवर्क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने भारतनेट कनेक्शनों की स्थिति की नियमित रूप से समीक्षा करने और सरकारी संस्थानों में इंटरनेट सेवाओं का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने कहा कि नए जुड़े सरकारी स्कूलों और अटल लाइब्रेरी में स्थापित भारतनेट उपकरणों की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए कस्टोडियन नियुक्त करें। प्रत्येक साइट पर उपकरणों की देखरेख और सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी तय करें। गांव में जब भी ग्राम सभाएं करवाई जाएं, उसमें बीएसएनएल के प्रतिनिधियों को भी बुलाया जाए, ताकि भारतनेट के सही उपयोग के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही संबंधित ग्राम सचिव के साथ समन्वय करवाएं।



आरकेएसडी कॉलेज में एआई ,नवाचार और उद्यमिता विषय पर लगाया विशेष सत्र, 65 छात्रों ने लिया भाग

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय की संस्थान नवाचार परिषद ने वाणिज्य विभाग एवं नवीन जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से एआई और नवाचार: विचारों को उद्यमिता के अवसरों में बदलना विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया। नवीन अवसर अंतरराष्ट्रीय कौशल केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में बी.कॉम. एवं बीबीए के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता परीक्षित कौशिश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, व्हाइटबैंगर टेक प्राइवेट लिमिटेड, ने विद्यार्थियों को एआई, नवाचार और उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने वास्तविक समस्याओं की पहचान, व्यावसायिक विचारों की व्यवहार्यता के आकलन, बाजार अनुसंधान तथा एआई टूल्स के माध्यम से संभावित ग्राहकों की आवश्यकताओं और व्यावसायिक जोखिमों का विश्लेषण करने पर जोर दिया।

शिव कृपा महादेव मंदिर में श्री चंडी महायज्ञ के छठे दिन मां भगवती से की सुख-समृद्धि की कामना



पूंडरी। फतेहपुर की बलकार कॉलोनी स्थित श्री शिव कृपा महादेव मंदिर में आयोजित श्री चंडी महायज्ञ के छठे दिन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर यजमान प्रदीप गोलन पूंडरी, प्रवीण गोलन और प्रवीण गर्ग पूंडरी ने अपने परिवारों सहित यज्ञ में भाग लेकर मां भगवती की पूजा-अर्चना की तथा आहुतियां अर्पित कीं। यजमानों ने मां भगवती से अपने परिवारों में सुख-समृद्धि, खुशहाली और कारोबार में उन्नति की कामना की। साथ ही विश्व में शांति, समाज में आपसी भाईचारे और सभी के जीवन में सुख-शांति बनाए रखने के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां भगवती के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। मां दुर्गा को शक्ति, साहस और कल्याण की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है।

नया सत्र विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए नई ऊर्जा व नए अवसर लेकर आता है : नूतन

पूंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह महिला शिक्षण महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन कुंड में आहुतियां डालकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और सफलता की कामना की। हवन-यज्ञ के माध्यम से नए सत्र की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक वातावरण और शिक्षा के प्रति नई प्रतिबद्धता के साथ की गई। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या नूतन गोगना ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र प्रत्येक विद्यार्थी और शिक्षक के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और नई संभावनाएं लेकर आता है। यह समय बीते अनुभवों से सीख लेकर नए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से प्रयास करने का है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और नैतिक मूल्यों को भी अपने जीवन में अपनाएं। शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।



पूंडरी। कालेज में आयोजित यज्ञ में आहुतियां डालते स्टाफ सदस्य।

शिव धनुष तोड़ने पर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा रामलीला मैदान



गुहला-चीका। भगवान श्रीराम माता सीता के स्वरूप में कलाकार।

गु ह ला - चीका । प्राचीन श्री मां भवानी मंदिर में आदर्श नाटक क्लब की ओर से आयोजित 72वें रामलीला महोत्सव में वीरवार रात सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। अयोध्या से आए कलाकारों ने राजा जनक का दरबार सजने, धनुष यज्ञ और भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने के प्रसंग का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला के दौरान भगवान श्रीराम ने जैसे ही शिव धनुष तोड़ा, पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में जयमाला पहनाई। इस मनमोहक दृश्य पर श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर खुशी जाहिर की। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और शहरवासी मौजूद रहे। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से धार्मिक प्रसंग को जीवंत कर दिया।

ओएसडीएवी स्कूल में मनाई महात्मा आनंद स्वामी की जयंती

- आनंद स्वामी ने जीवन समाज से कुरीतियों को खत्म करने में समर्पित किया : तलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में हवन में आहुति डालते स्टाफ के सदस्य।

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में महात्मा आनंद स्वामी की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ मुख्य यजमान रहीं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने कहा कि महात्मा आनंद स्वामी महर्षि दयानंद सरस्वती जी के अनन्य भक्त तथा महात्मा हंसराज के मानस पुत्र थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक धर्म एवं आर्य विचारधारा के प्रचार-प्रसार तथा अज्ञान, अंधविश्वास, पाखंड और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी के जीवन से प्रेरणा लेकर सद्गुणों को अपनाने तथा समाज की बुराइयों को दूर करने का संकल्प दिलाया। ध्यातव्य है कि यह कार्यक्रम आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के तत्त्वावधान में 15 से 24 अक्टूबर, 2026 तक 'प्रेरणा सप्ताह' के रूप में मनाया जा रहा है।

खंड स्तरीय रोल प्ले और लोक नृत्य स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- प्रतियोगिता में अनेक स्कूलों के 80 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य प्रमोद कुमार के नेतृत्व तथा जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ, एससीईआरटी हरियाणा, गुरुग्राम के सौजन्य से खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजौंद में खंड स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन मुख्य अतिथि रहे। डाइट के डीआरयू प्रभारी डॉ. राज कुमार, कार्यक्रम नोडल अधिकारी भूपेंद्र सिंह, कुलदीप वर्मा व प्रदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में करीब 80 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोल प्ले के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता और नशे से बचाव जैसे विषयों पर जागरूकता संदेश दिए गए। वहीं लोक नृत्य के माध्यम से समानता, संयुक्त परिवार, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति तथा किशोरावस्था में स्वस्थ संबंध जैसे सामाजिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

छठे नवरात्र पर की मां कात्यायनी की पूजा

राजौंद। नवरात्र के छटे दिन दुर्गा मंदिर में कात्यानी के स्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजनों पर भाव-विभोर होकर मां के जयकारे लगाते नजर आए। नवरात्र के चलते राजौंद के विभिन्न मंदिरों में भी सुबह-शाम श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

एक किरण उम्मीद की संस्था ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच के प्रति किया जागरूक

पूंडरी। एक किरण उम्मीद की संस्था पूंडरी की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक करने के साथ नवरात्रि विशेष पेंटिंग प्रतियोगिता और सजावटी वस्तुएं बनाने की गतिविधियां करवाई गईं। कार्यक्रम में करीब 200 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा मंगला ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को जागरूक रहकर किसी भी असहज स्थिति में उचित कदम उठाने का संदेश दिया। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने छात्राओं को जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं को जागरूक बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान नवरात्रि थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई और छात्राओं ने सजावटी वस्तुएं बनाने की गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया।



पूंडरी। छात्राओं के साथ संस्था अध्यक्ष निधि मोहन। फोटो :हरिभूमि

इलाज करवाने के लिए अब घर बैठे कर सकते हैं प्री-रजिस्ट्रेशन

सरकारी अस्पतालों में डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू

- सरकारी अस्पतालों में क्यू आर कोड से होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। नागिरक अस्पताल कैथल।

आमजन को बेहतर, पारदर्शी और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कैथल ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू हो गई है। इसके साथ ही मरीजों की सुविधा के लिए प्री-रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी शुरू की गई है। इन सुविधाओं से मरीजों को भुगतान करने और अस्पताल में पंजीकरण करवाने में अधिक सहूलियत मिलेगी।

सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले के जिला नागरिक अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पंजीकरण एवं बिलिंग काउंटरों पर आधिकारिक बैंक खातों से जुड़े क्यू आर कोड लगाए गए हैं। इनके माध्यम से मरीज ओपीडी फीस, एमएलआर शुल्कों का डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। इससे खुले पैसों की समस्या से छुटकारा मिलेगा तथा भुगतान प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और त्वरित बनेगी।

उन्होंने बताया कि जिला नागरिक अस्पताल कैथल में मरीजों के समय की बचत करने और पर्ची काउंटर पर लगने वाली लंबी कतारों को कम करने के लिए एक अलग प्री-रजिस्ट्रेशन बूथ स्थापित किया गया है। मरीज अस्पताल आने से पहले अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से पोर्टल पर ऑनलाइन प्री-रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन प्री-रजिस्ट्रेशन जैसी आधुनिक सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

मरीज ऐसे करें पंजीकरण

उन्होंने बताया कि नए मरीज अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पोर्टल पर पहली बार पंजीकरण कर सकते हैं, जबकि पहले अस्पताल आ चुके मरीज अपनी यूएचआईडी के माध्यम से प्री-रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मरीज जिला नागरिक अस्पताल में स्थापित विशेष बूथ पर पहुंचकर अपनी पर्ची प्राप्त कर सकेंगे। इससे उन्हें सामान्य पर्ची काउंटर की लंबी कतारों में लगने से राहत मिलेगी और समय की बचत होगी।

आरकेएसडी कॉलेज में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल में मिसाइल मैन को याद करते पदाधिकारी।

आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के 'इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल' के तत्वावधान में इलेक्ट्रॉनिक्स और गणित विभागों ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती मनाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ज्ञान, नवाचार, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के माध्यम से अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना था। प्रधान प्रबंधक समिती अश्विनी शोरेवाला ने शिक्षा एवं विज्ञानं के क्षेत्र में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक ए.पी.जे.कलाम. के योगदान को याद किया एवं इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दोनों विभागों की सराहना की। प्राचार्य डॉ गगन मित्तल ने विज्ञान, शिक्षा व राष्ट्र-निर्माण में डॉ. कलाम के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डॉ. कलाम का जीवन विनम्रता, दृढ़ता और समर्पण का एक आदर्श उदाहरण है। इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश देशवाल ने उडॉक्टर कलाम के जीवन को रेखांकित करने वाली फिल्म 'आई एम कलाम' का प्रदर्शन भी किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर 'इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल'संयोजिका डॉ रचना सरदाना, डॉ अशोक कुमार, डॉ कपिल जैन, डॉ प्रीति बंसल, डॉ मनोज, डॉ रितु मुटरेजा, डॉ मोहित, प्रो भावना, डॉ राखी, डॉ रेणु, प्रो तनुजा एवं अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



ज्योति सैनी ने किया अस्पताल का निरीक्षण

कैथल। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने शुक्रवार को जिला नागरिक अस्पताल कैथल का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान ज्योति सैनी ने वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से मुलाकात की और हालचाल जाना।



कैथल में आज किसान करेंगे प्रदर्शन

राजौंद। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के राष्ट्रीय आह्वान पर किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 17 अक्टूबर को कैथल में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। किसान भाजपा जिला कार्यालय (कपिल कमल), कैथल के सामने एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे तथा पुतला दहन करेंगे। किसानों का कहना है कि धान और बाजरे की समर्थन मूल्य पर सुचारू खरीद की जाए।

हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन ने किया जींद मंडी का दौरा

बड़ौली ने दिया आश्वासन-धान का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार

■ कांग्रेसी जो आरोप लगा रहे हैं, उसमें दम है तो प्रूफ लेकर राष्ट्रपति के पास जाएं : मोहनलाल बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने शुक्रवार को जींद अनाज मंडी का दौरा किया और फसल खरीद का जायजा लिया। उनके साथ मार्केट कमेटी के चेयरमैन बबलू गोयल व चेयरमैन योगेश बैरागी भी साथ रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि धान खरीद व्यवस्था को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है और सरकार का भरसक प्रयास है कि उनकी धान का एक-एक दाना समय पर खरीदा जाए। सरकार का निरंतर प्रयास है कि धान सीजन खरीद प्रक्रिया के दौरान किसान, आढ़ती, मिलर्स और ट्रांसपोर्टर इत्यादि को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। धान का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाएगा और साथ ही उनकी पेमेंट सीधा बैंक खाता में किसान को निर्धारित समय में भेज दिए जाएंगे। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जींद में फसल खरीद का जायजा लिया गया है। आढ़तियों से बातचीत की गई है। यहां किसानों व आढ़तियों में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई है। सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देश पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बारिश से थोड़ी परेशानी हुई है। अब मौसम खुल चुका है और धूप निकल चुकी है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मोहनलाल बड़ौली।

विपक्षी करते हैं झूठ प्रचार : बड़ौली

मोहनलाल ने कहा कि गेहूं खरीद के दौरान भी विपक्ष ने खूब हल्ला किया था। वो तब भी झूठा प्रचार कर रहे थे और आज भी। पहले भी सरकार और आज भी सरकार मंडियों में रहा। मार्केट कमेटी के चेयरमैन बबलू गोयल मंडी में ही रहते हैं। किसान कोई समसया बताता है तो तुरंत उसका समाधान किया जाता है। बडौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूट की राजनीति कर रही है। कांग्रेस का 60 साल का शासन रहा। चुनाव आयोग होता था। भाजपा सरकार ने पारदर्शिता से काम किया है। पारदर्शिता के साथ-साथ चुनाव आयोग की प्रक्रिया, एसआईआर की प्रक्रिया को भी पारदर्शिता रखी गई है। इस के बाद भी विपक्ष राष्ट्रपति के पास गए थे तो उन्होंने कहा कि प्रूफ लेकर आओ। वो साफ कहना चाहते हैं कि कांग्रेस जो आरोप लगा रहे हैं, उसमें दम है तो प्रूफ लेकर राष्ट्रपति के पास जाएं। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में जो प्रदर्शन किया, वो पहले कभी भी नही हुआ। राहुल गांधी नए-नए तरीके लेकर आ रहे हैं। उनकी भाषा और व्यवहार से देश में अफरा-तफरी मचाना चाहते हैं। वो देश की जनता का धन्यवाद करना चाहते हैं। देश की जनता उनके साथ नही है। देश की जनता ने झूठ बोलने वालों को नकारने का काम किया है।



उचाना। किसानों के बीच पहुंची एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) समस्याओं को सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम सुमन यादव ने अतिरिक्त मंडी का किया दौरा, खुद जांची धान की नमी

उचाना। किसानों द्वारा नमी के नाम पर परेशान करने और औने-पौने दामों पर फसल खरीदने सहित अन्य आरोपों के बीच एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) ने अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पीआर धान की ढेरियों पर पहुंचकर खुद मीटर से नमी की जांच की और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं।

किसानों से बोलीं एसडीएम—परेशानी होने पर कभी भी मिलें, औने-पौने दामों पर खरीद की लिखित शिकायत दें

एसडीएमने कहा कि किसानों को मंडी में किसी भी तरह की परेशानी आ रही है तो वे उनसे किसी भी समय मिल सकते हैं। किसानों द्वारा औने-पौने दामों पर फसल खरीदने के लगाए जा रहे आरोपों पर उन्होंने कहा कि किसान इस संबंध में लिखित शिकायत दें, ताकि ऐसा करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके। वह निरंतर मंडी का दौरा कर रही हैं। धान के उठान सहित अन्य जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका तत्परता से समाधान करवाया जा रहा है। किसानों को किसी भी सूरत में परेशान नहीं होने दिया जाएगा। शासन और प्रशासन किसानों के साथ खड़ा है तथा उनकी समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता है। एसडीएम ने बताया कि अतिरिक्त मंडी में अब तक 1 लाख 53 हजार क्विंटल पीआर धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 1 लाख 20 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि 32 हजार क्विंटल धान का उठान हो चुका है।



जुलाना। कार्यक्रम में गौरव पट का अनावरण करते मोहन लाल बड़ौली।

पूर्व सैनिक चौधरी सूरत सिंह के गौरव गाथा बोर्ड का अनावरण

■ द्वितीय विश्व युद्ध में सेवाएं देने वाले सैनिक के नाम पर होगा स्कूल का नाम, गांव में बनाया जाएगा स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के फतेहगढ़ गांव में पूर्व सैनिक चौधरी सूरत सिंह अहलावत के सम्मान में गौरव गाथा बोर्ड का अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने की। जबकि सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। पूर्व सैनिक चौधरी सूरत सिंह अहलावत ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जाट रेजिमेंट में सेवाएं दी थी। उन्हें सैन्य सेवाओं के दौरान स्टार, अफ्रीका स्टार और कॉमनवेल्थ वॉर मेडल से सम्मानित किया गया था। हालांकि लंबे समय तक उनके सैन्य जीवन से जुड़ा आधिकारिक रिकॉर्ड परिवार के पास उपलब्ध नहीं था। उनके पोते ने इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए लगातार पांच साल तक प्रयास किए। आखिरकार उन्हें अपने दादा की सैन्य सेवाओं से संबंधित रिकॉर्ड मिल गया। इसके बाद गांव में उनकी वीरता और देश के प्रति योगदान को सम्मान देने के लिए गौरव गाथा बोर्ड का अनावरण किया गया।

सैनिकों का सम्मान करना है जिम्मेदारी

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सैनिक देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। उनके त्याग, समर्पण और बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद गांवों में सैनिकों के मान-सम्मान को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने फतेहगढ़ गांव के लोगों को आश्वासन दिया कि चौधरी सूरत सिंह अहलावत के नाम पर स्टेडियम बनाया जाएगा। गांव के सरकारी स्कूल का नाम भी सैनिक सूरत सिंह अहलावत के नाम पर रखने की बात कही।

खापों ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

■ सुदेश नैन पर लगाए गए सभी आरोप खारिज करने की मांग, जंतर-मंतर पर अमानवीय व्यवहार नहीं होगा सहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जाट धर्मशाला में शुक्रवार को सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत मंच की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिनैण खाप की बेटी एक न्यूज चैनल की एंकर पर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज करने की मांग की गई। इसके अलावा जंतर-मंतर पर युवाओं के साथ पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार के आरोप लगाए हुए इसकी निंदा की गई। खाप नेताओं ने कहा कि युवाओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी सूरत में सहन नहीं होगा। इसके बाद एडीसी प्रदीप कुमार को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। बैठक को संबोधित करते हुए कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, बिनैण खाप से बलबीर सिंह नैन, दिलबाग सिंह कुंडू, बलराज सिंह कुंडू, रविंद्र सिंह ढांडा, खेड़ा खाप से सतबीर शर्मा, रणधीर सिंह श्योकंद, माजरा खाप प्रधान गुरविंदर सिंह संधु, सर्वजातीय सर्वखाप मंच के प्रवक्ता उमेद सिंह जागलान ने कहा कि बैठक में चार मांगें प्रमुख रूप से रखी गई। पहली एंकर सुदेश नैन पर लगाए गए सभी आरोप खारिज किए जाएं। वहीं छोटूराम किसान शिक्षा समिति के चुनाव जल्द करवाएं जाएं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं के साथ पुलिस ने अमानवीय व्यवहार किया है, जो बहुत गलत है। मंडियों में किसानों को अपनी धान की फसल बेचने में परेशानी हो रही है। धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए।



जींद। एडीसी को ज्ञापन सौंपते हुए खाप प्रतिनिधि।

चीका रोड पर गोगा माड़ी के पास हादसा

सड़क हादसे में किसान घायल काटनी पड़ी बाजू, मामला दर्ज

कैथल। चीका रोड पर गोगा माड़ी के पास एक सड़क हादसे में गांव पीडल का करीब 27 वर्षीय किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी दाहिनी बाजू में गहरी चोट आई, जिसके चलते डॉक्टरों को इलाज के दौरान उसकी बाजू काटनी पड़ी। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव पीडल निवासी रामशरण ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है और शादीशुदा है। 9 अक्तूबर की रात करीब 11:45 बजे वह अपने ताऊ के बेटे साहिल के साथ मोटरसाइकिल पर खेत से गांव लौट रहा था। मोटरसाइकिल रामशरण चला रहा था। जब वे चीका रोड पर गोगा माड़ी के पास पहुंचे तो कैथल की तरफ से आ रहे एक सामान ढोने वाले वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी।

चालक मौके से फरार

शिकायत के अनुसार, टक्कर लगने से वह और साहिल सड़क पर गिर गए। उसकी दाहिनी बाजू में गंभीर चोट लगी। आरोप है कि वाहन चालक चीका की तरफ फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार, उसने वाहन को देख लिया था और सामने आने पर चालक की पहचान कर सकता है। दोनों ने वाहन का नंबर नोट कर लिया था। हादसे के बाद उसने फोन करके रामशरण के परिजनों को सूचना दी।

चिराग स्कूल की जूनियर टीम ने भारत को जानो प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में चिराग पब्लिक स्कूल की जूनियर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। टीम के प्रतिभागी अरमान एवं सूर्यांश को भारत विकास परिषद संस्था द्वारा स्मृति चिह्न, मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय को भी स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में सीनियर टीम की छात्राओं रुक्साना एवं आरती का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। संस्था ने दोनों छात्राओं को भी मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। आज विद्यालय की प्रार्थना सभा में जूनियर एवं सीनियर दोनों टीमों को विशेष रूप से सम्मानित करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास एवं देश की संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित कर उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



नरवाना। प्राचार्य रमेश वत्स ने विधार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

दिसंबर में दिल्ली में तीन दिन पड़ाव डालेंगी आशा वर्कर

■ कैथल में जिला सम्मेलन में सरकार पर अनदेखी का आरोप, रोशनी राजौंद प्रधान और मेनका बनीं सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

शुक्रवार को भगत सिंह भवन में आशा वर्कर यूनियन जिला कैथल का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता सुषमा जडौला ने की, जबकि संचालन जयप्रकाश शास्त्री ने किया। सीटू के जिला सचिव नरेश रोहेड़ा ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। आशा वर्कर यूनियन हरियाणा की राज्य उपप्रधान सुरेखा ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर देशभर की आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मिड-डे-मील वर्कर 1 से 3 दिसंबर तक दिल्ली में तीन दिवसीय पड़ाव डालेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 के बाद आशा वर्करों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की, जबकि उन पर काम का बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है। सम्मेलन के अंत में प्रधान रोशनी राजौंद और जिला सचिव मेनका शर्मा ने सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। प्रोग्राम में सुषमा जडौला, कविता पट्टी अफगान और चरणजीत कौर गुहला को उपप्रधान चुना गया। जिला कमेटी सदस्य के रूप में सुरेंद्र कौर, रीना खेड़ी, रामदेवी सिरटा, प्रकाशी सीवन, कांता क्योड़क, मामो टीक, सुमन नरड़ और ममता सिरसल को चुना गया।



कैथल। जिला सम्मेलन में भाग लेती आशा वर्कर।

आशा वर्कर को मिले कर्मचारी का दर्जा

राज्य प्रधान रानी कुरुक्षेत्र और महासचिव सुनीता ने मांग की कि आशा वर्करों को कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। न्यूनतम 42 हजार रुपये मासिक वेतन दें। सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिए आशा वर्कर यूनियन जिला कैथल की नई कमेटी का चुनाव किया गया। इसमें रोशनी राजौंद को प्रधान, मेनका शर्मा मूंढड़ी को जिला सचिव और जयप्रकाश शास्त्री को दोबारा कोषाध्यक्ष चुना गया।

खंड स्तरीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता में बेलरखा विद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय मॉडल पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नरवाना में खंड स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नरवाना खंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने वैज्ञानिक मॉडलों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि इसमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेलरखा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बेलरखा विद्यालय की कक्षा बारहवीं की छात्रा सुनैना ने कृषि आधारित प्रदर्शनी में, अर्पित ने ग्रामीण विकास मॉडल में, (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) में तथा कक्षा दसवीं के छात्र सागर ने आपदा प्रबंधन मॉडल में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा इशिता ने स्वचालित समाधान में द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और अध्यापकों ,विद्यार्थी अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।



नरवाना। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्य बलजीत गोयत।

स्कूल में बच्चों को मिल रहा बढ़ावा

विद्यालय इंचार्ज गणित प्राध्यापक सुनील कुमार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान अमित कुमार तथा जूनियर विंग के प्रधान बलविंदर शर्मा ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने प्रधानाचार्य बलजीत गोयत के नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्राध्यापक हरदीप सिंह, किरण बाला , सुनील कुमार , सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे।

मंडी में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे विधायक

■ विधायक अत्री ने धान की मीटर में नमी मापी

उचाना। शुक्रवार सुबह विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों से मुलाकात कर धान खरीद से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। विधायक ने मंडी में पीआर धान की ढेरियों पर पहुंचकर खुद मीटर से नमी की जांच की। दो ढेरियों में नमी 17 प्रतिशत मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उनकी खरीद करने के निर्देश दिए।

विधायक के साथ मार्केट कमेटी सचिव योगेश कुमार और खरीद एजेंसी के इंस्पेक्टर अजय कुमार भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि वीरवार को हुई तेज बारिश के कारण मंडी में कुछ दिक्कतें आई हैं। बारिश से फसल को हुए नुकसान का जायजा लेने और किसानों व आढ़तियों की समस्याएं जानने के लिए वह मंडी पहुंचे हैं।



उचाना। पीआर धान की ढेरी पर पहुंच नमी की जांच करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

असुविधा | विद्यालय में वर्ष 2013 से संचालित थी बस सेवा, अब मंडराया संकट

स्टाफ एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से बस को लेकर हस्तक्षेप करने की मांग की

घसो खुर्द के विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा बंद के प्रस्ताव ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

ग्रामीण बेटियों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराने की सरकारी मुहिम के बीच राजकीय आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घसो खुर्द में हरियाणा रोडवेज की विशेष बस सेवा बंद करने के प्रस्ताव ने छात्राओं की शिक्षा और सुरक्षित आवागमन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। विद्यालय की बस सेवा लगभग 60 छात्राओं सहित अन्य विद्यार्थियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। सेवा बंद होने से उनकी नियमित उपस्थिति, सुरक्षित आवागमन और पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। विद्यालय में वर्ष 2013 से संचालित इस बस सेवा को ग्रामीण विद्यार्थियों, विशेषकर दूरदराज के गांवों से आने वाली छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण सुविधा माना जाता है। इसे लेकर आरोही मॉडल स्कूल स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने सीएम से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

बेटियों की शिक्षा हो सकती है प्रभावित

आरोही मॉडल स्कूल स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय की दूरी और परिवहन की उपलब्धता छात्राओं की नियमित उपस्थिति को प्रभावित कर सकती है। कई परिवारों के लिए बेटियों को प्रतिदिन स्कूल छोड़ना और वापस लाना आसान नहीं होता। ऐसे में विशेष बस सेवा छात्राओं की पढ़ाई जारी रखने, अभिभावकों का विश्वास बनाए रखने और शिक्षा के अवसरों तक पहुंच बढ़ाने में सहायक हो सकती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का उद्देश्य तभी अधिक प्रभावी होगा, जब ग्रामीण बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ विद्यालय तक पहुंचने के लिए सुरक्षित और व्यावहारिक सुविधाएं भी मिलें।

सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का पालन भी करें

हरियाणा रोडवेज जींद के महाप्रबंधक के पत्रों में सुरक्षित स्कूल वाहन नीति 2024 के निर्धारित मानकों के पालन का विषय उठाया गया है। 14 अगस्त 2026 के पत्र तथा 12 अक्टूबर 2026 के परिवहन निदेशालय के पत्र के संदर्भ में विभागीय कार्रवाई और निर्धारित मानकों के अनुपालन का उल्लेख किया गया है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। यदि बस संचालन में कोई कमी है तो संबंधित विभाग निरीक्षण कर कमियों की पहचान करें और लागू नियमों के अनुसार उन्हें दूर करने का अवसर दें। सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए छात्राओं की शिक्षा प्रभावित होने से बचाने के लिए व्यावहारिक समाधान निकाला जाए।

मुख्यमंत्री को पहले भी भेजे जा चुके हैं पत्र

एसोसिएशन के अनुसार इस मामले को लेकर 22 सितंबर 2026 को शिक्षा मंत्री तथा 29 सितंबर 2026 को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिवेदन भेजा गया था। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि पहले भेजे गए प्रतिवेदनों और परिवहन विभाग के पत्रों पर समग्र विचार करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से बस सेवा जारी रखने, अन्य आरोही मॉडल स्कूलों के साथ समान आधार पर मामले की समीक्षा करने तथा किसी भी कमी को नियमानुसार दूर कराने की मांग की है। जींद डिपो के डीआई सुनील पूनिया ने बताया कि आरोही माडल संस्कृति स्कूल घासो खुर्द के लिए अगर कोई स्पेशल बस चलती थी तो वह उनके संज्ञान में नहीं है। अगर उच्च अधिकारी, विभाग या मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बस चलाने को लेकर कोई निर्देश आते हैं तो बस चला दी जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005